Seth RL Saharia Govt. PG College Kaladera, Jaipur, Rajasthan

कालीबाई भील मेधावी व देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत सहरिया महाविद्यालय में स्कूटियों का हुआ वितरण

नोडल कॉलेज राजकीय सहरिया महाविद्यालय में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

जयपुर (लोकमत, संवाद)।

ग्रामीण उच्च शिक्षा को समर्पित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में नोडल प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) जय भारत सिंह की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा के मुख्य आथित्य में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम सम्पन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं के स्वागत व माँ वीणापाणी की वंदना से हुआ। नोडल प्राचार्य प्रो. जय भारत सिंह ने अपने स्वागत सम्भाषण में महाविद्यालय को हाल ही मिले नेक बी प्लस ग्रेड का मुख्य अतिथि को शुभ संदेश देते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को समर्पित इस महत्त्वपूर्ण योजना का दायित्व महाविद्यालय विगत बारह वर्षो से निभा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने पूर्व विधायक के समक्ष महाविद्यालय में यूजी, पीजी के नए विषय खोलने एवं हर पीजी विभाग में अनुसंधान प्रकोष्ठ खुलवानें की महती मांग रखी। मुख्य अतिथि रामलाल शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साह संवर्धन करते हुए कहा कि जीवन का लक्ष्य कार्य की दक्षता व लक्ष्य-परकता होना चाहिए, इस हेतु समय के अनुसार चलना और अपने मानक दुसरों के लिए स्वयं गढ़ने जैसे

प्रकल्प अपनाने होंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि संस्था का विकास सनातन व सर्वोपरि है, इसमें किसी प्रकार की बाधा व अवरोध नहीं होने चाहिए, अतएव मैं सभी नवीन विषयों को खुलवानें का पूर्ण प्रयास करूंगा, साथ ही महाविद्यालय खेल के क्षेत्र में भी प्रस्ताव बनाकर पेश करें, पूर्व की भांति उन्हें भी पूर्ण कराने का सार्थक प्रयास करूंगा। कार्यक्रम की पूर्णता विधायक रामलाल शर्मा एवं प्राचार्य महोदय द्वारा स्कूटियों की चाबी वितरण से हुई। उल्लेखनीय है कि नोडल ऑफिसर स्कूटी वितरण डॉ. फूल चन्द महोलिया ने सदन को बताया कि कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत जयपुर जिले की 32 छात्राओं को आज स्कूटियों का वितरण किया जा रहा है। सहायक आचार्य गिरधारी मीणा, डॉ. जसवन्त शर्मा के संयोजन में एवं डॉ. पुनीत बंसल, डॉ. मनुशरद पाठक, डॉ. दीपिका भण्डारी, डॉ. दीपा जैन, डॉ. ममता गंगवाल, डॉ. सुरेन्द्र कुमार मीणा, डॉ. महेन्द्र कुमार देवन्दा व डॉ. विजय कुमार चतुर्वेदी के क्रियान्वयन में सभी कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए स्कूटियों को छात्राओं में वितरित किया गया। धन्यवाद का दायित्व डॉ. विजय कुमार चतुर्वेदी ने निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं कृष्णा नाथावत एवं योगिता शर्मा ने किया।